प्रेस नोट

दिनांक- 26.01.2025

हमीरपुर पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर किया गया भव्य परेड का आयोजन, मुख्य अतिथि श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर ने परेड की सलामी ली व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा शपथ दिलाई गयी, उत्कृष्ट कार्य हेतु पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित-

आज दिनांक 26.01.2025 को पुलिस लाइन हमीरपुर परेड ग्राउंड में हमीरपुर पुलिस द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर के द्वारा ध्वजारोहण कर भव्य परेड की सलामी ली गयी तथा मुख्य अतिथि के साथ पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलाई गयी।

इस भव्य परेड के समय जनपद पुलिस/ प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारीगण सहित अतिथिगण, आस-पास का क्षेत्रीय जनसमूह, पत्रकार-बन्धु तथा विद्यालयों के शिक्षक व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि महोदय द्वारा सम्बोधन के उपरांत पुलिसकर्मियों सहित ग्राम प्रहरी को सराहनीय कार्य करने हेतु प्रशंसा चिन्ह/ प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। श्रीमान जिलाधिकारी जनपद हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने सभी को भारत के गौरव एवं अस्मिता का प्रतीक राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी एवं जनपदीय पुलिस की कानून व्यवस्था सहित मानवीय सरोकार व सहायतार्थ किये जा रहे विभिन्न कार्यों की काफी सराहना की और सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया गया, एवं लोगों से सामाजिक कार्यों/दायित्वों में अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।